हुज्जतुल्लाह

HUJJATULLAH

लेखक
हज़रत मिर्ज़ा गुलाम अहमद, क़ादियानी
मसीह मौऊद व महदी मा'हूद अलैहिस्सलाम

Hujjatullah
(in Hindi)

by

Hazrat Mirza Ghulam Ahmad Qadiani
The Promised Messiah & Imam Mahdi[as]

हुज्जतुल्लाह

(अल्लाह तआला के अकाट्य तर्क)

लेखक

हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद क़ादियानी
मसीह मौऊद व महदी माहूद अलैहिस्सलाम

नाम पुस्तक	: हुज्जतुल्लाह
Name of book	: Hujjatullah
लेखक	: हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद क़ादियानी मसीह मौऊद व महदी माहूद अलैहिस्सलाम
Writer	: Hazrat Mirza Ghulam Ahmad Qadiani Masih Mau'ud & Mahdi Mahud Alaihissalam
अनुवादक	: डा अन्सार अहमद पी.एच.डी आनर्स इन अरबिक
Translator	: Dr Ansar Ahmad, Ph.D, PGDT, Hons in Arabic
टाईप सैटिंग	: अमतुल करीम नय्यरः
Type, Setting	: Amtul Kareem Nayyara
संस्करण	: प्रथम (हिन्दी) नवम्बर 2018 ई०
Edition	: 1st Edition (Hindi) November 2018
संख्या, Quantity	: 1000
प्रकाशक	: नज़ारत नश्र-व-इशाअत, क़ादियान, 143516 ज़िला-गुरदासपुर (पंजाब)
Publisher	: Nazarat Nashr-o-Isha'at, Qadian, 143516 Distt. Gurdaspur, (Punjab)
मुद्रक	: फ़ज़्ले उमर प्रिंटिंग प्रेस, क़ादियान, 143516 ज़िला-गुरदासपुर, (पंजाब)
Printed at	: Fazl-e-Umar Printing Press, Qadian, 143516 Distt. Gurdaspur (Punjab)

प्रकाशक की ओर से

हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद साहिब क़ादियानी मसीह मौऊद व महदी मा'हूद अलैहिस्सलाम द्वारा लिखित पुस्तक का यह हिन्दी अनुवाद श्री डॉ० अन्सार अहमद ने किया है और तत्पश्चात मुकर्रम शेख़ मुजाहिद अहमद शास्त्री (सदर रीव्यू कमेटी), मुकर्रम फ़रहत अहमद आचार्य (इंचार्ज हिन्दी डेस्क), मुकर्रम अली हसन एम. ए. और मुकर्रम नसीरुल हक़ आचार्य, मुकर्रम इब्नुल मेहदी एम् ए और मुकर्रम मुहियुद्दीन फ़रीद एम् ए ने इसका रीव्यू आदि किया है। अल्लाह तआला इन सब को उत्तम प्रतिफल प्रदान करे।

इस पुस्तक को हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ (जमाअत अहमदिया के वर्तमान ख़लीफ़ा) की अनुमति से हिन्दी प्रथम संस्करण के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है।

विनीत

हाफ़िज़ मख़दूम शरीफ़

नाज़िर नश्र व इशाअत क़ादियान

पुस्तक परिचय

हुज्जतुल्लाह

इस पुस्तक के लिखने से पहले मौलवी अब्दुलहक साहिब ग़ज़नवी ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के विरुद्ध एक बहुत गन्दा विज्ञापन प्रकाशित किया और आपके अरबी जानने पर ऐतराज़ किया और अपनी योग्यता को जानने के लिए अरबी भाषा में मुबाहस: करने का आपको निमंत्रण दिया। इस निमंत्रण को हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने स्वीकार करते हुए यह शर्त लगाई कि चूंकि आपके नज़दीक मैं अरबी नहीं जानता और अज्ञानी मात्र हूँ इसलिए यदि आप मुक़ाबले के समय मुझ से पराजित हो गए तो आप को ख़ुदा तआला की ओर से इसे एक चमत्कार समझ कर तुरन्त मेरी बैअत में दाखिल होना होगा। परन्तु जब मौलवी गज़नवी ने कोई उत्तर न दिया और न उसका साथी शेख नजफ़ी कुछ बोला तो आपने मौलवी ग़ज़नवी और शेख नजफ़ी को सम्बोधित करके यह पुस्तक सरस एवं सुबोध अरबी में 17 मार्च 1897 ई० को लिखना आरम्भ की और 26 मई 1897 ई० को पूर्ण कर दी।

इस पुस्तक में जो रब्बानी रहस्यों और साहित्य की अच्छाइयों पर आधारित है आपने काफ़िर ठहराने वाले उलेमा पर हुज्जत पूर्ण करने के लिए नजफ़ी और ग़ज़नवी के अतिरिक्त मौलवी मुहमद हुसैन साहिब बटालवी को भी इन शब्दों में मुकाबले का निमंत्रण दिया कि यदि वे तीन चार माह तक ऐसी पुस्तक प्रस्तुत कर दें तो इस से मेरा झूठा होना सिद्ध हो जाएगा। निस्सन्देह वे जिन साहित्यकारों से सहायता

लेना चाहें ले लें। यदि वे इस पुस्तक का उदाहरण उसकी मोटाई पद्य और गद्य के अनुसार प्रकाशित कर दें और प्रोफ़ेसर अज़ाब की ताकीद के साथ क़सम खा कर उनकी लिखी पुस्तक को मेरी पुस्तक के बराबर या श्रेष्ठ ठहराएं और फिर क़सम खाने वाला मेरी दुआ के बाद इक्तालीस दिन तक ख़ुदा के अज़ाब में गिरफ़्तार न हो तो मैं अपनी पुस्तकें जो इस समय मेरे क़ब्ज़े में होंगी जला कर उन के हाथ पर तौबः करूंगा। और इस तरीके से प्रतिदिन का झगड़ा तय हो जाएगा। और इस के बाद जो व्यक्ति मुकाबले पर न आया तो पब्लिक को समझना चाहिए कि वह झूठा है।

आपने इस पुस्तक के अन्त में लिखा कि यह पुस्तक झुठलाने और उपहास करने वाले उलेमा के लिए अन्तिम वसीयत के समान है और इस हुज्जत को पूर्ण करने के पश्चात हम उन को सम्बोधित नहीं करेंगे। परन्तु न तो बटालवी साहिब मुकाबले के लिए सामने आए और न ग़ज़नी न शेख़ नजफ़ी और न विरोधी उलेमा में सरस एवं सुबोध अरबी पुस्तक लिखने की हिम्मत हुई।

ख़ाकसार

जलालुद्दीन शम्स

اَلإعلانُ فاسمعوا يا أَهل العُدْوَان

أيّها النّاظرون اعلَمُوا، رحِمكم الله ورزَقكم رزقًا حسنًا من التفضّلات الجليّة والالطاف الخفيّة، أنّ هذه رسالتى قد تمّت بالعناية الإلٰهيّة محفوفةً بالاسرار الانيقة الرّبّانية، ومشتملةً علٰى محاسن الادب، والمُلَح البيانيّة؛ فكأنّها حديقة مُخضرّة، تُغرّد فيها بلابل على دوحة الصفاء، وتُصبى ثمراتها قلوب الادباء. ومَن أمعنَ فيها بإخلاص النيّة، وصدق الطويّة، فلا شكّ أنه يُقرّ بفصاحة كلماتها، وبراعة عباراتها، ويُقرّ بأنها أعلٰى وأملح من التدوينات الرسميّة، وعليها طلاوة أكثر من المقالات الإنسَانيّة. وأمّا الذى جُبِلَ على سيرة النقمة والعناد، فيجحد بفضلها ويترك متعمّدًا طريق القسط والسّداد، ولو كانت نفسه من المستيقنين. فنحن نُقبِل الآن على زُمر تلك المنكرين، ولقد وعيتَ أسماءهم فيما سَبَقَ مِن ذكر المكفّرين والمكذّبين.. أعنى شيخ «البَطالة» وأمثاله من المفسّقين الفاسقين. فليُناضلونى فى هذا ولو متظاهرين بأمثالهم، وليبرهنوا على كمالهم، وإلا كشفتُ عن سبّهم وأخزيتهم فى أَعين جُهّالهم. ومن يكتب منهم كتابا كمثل هٰذه الرسالة، إلى ثلاثة أشهر أو إلى الاربعة، فقد كذّبنى صدقًا وعدلًا، وأثبتَ أنّنى لستُ من الحضرة الاحدية. فهل فى الحىّ حىٌّ يقضى هذه الخطّة، ويُنجّى مِن التفرقة الامّةَ؟ وليستظهرْ بالادباء إن كان جاهلا لا يعرف طرق الإنشآء، وليعلم أنه من المغلوبين. وسيذهب الله ببصره ببرق من السّماء، فيُغَشِيه كما يُغشِى الهجيرُ عينَ الحِربآء، ويُطفأُ وطيسَ المفترين. أيها المكذّبون الكذّابون! ما لكم لا تجيئون ولا تناضلون، وتدعون ثم لا تُبارِزون؟ ويلٌ لكم ولما تفعلون يٰمعشر الجٰهلين.

المُعْلِنْ غلام احمد القاديَانى

26 مئى 1897ء

ضميمه　　　بسم الله الرحمٰن الرحيم　　　حجة الله

قُتِلَ الاِنسانُ ما اَكفره

أيها الناظرون، والادباء المنقّدون ۔ أنتم تعلمون أنى كتبتُ من قبل هذا كتبًا فى العربية، وزيّنتُها كالبيوت المشيّدة المزدانة، ورأيتم أنها تحكى الدُرر العمّانية، وتحسى الدرر العرفانيّة. و كنتُ أتوقع أنّ العلماء يعُدّونها من الآيات، ويعقدون لِزَوْرى حبّك النِطاق بصحّة النيّات، وما زِلْتُ أسلّى بالى بهذا الامل، حتى وجدتُهم فاسدَ النيّة والعمل، وبدا أنّ فراستى قد أخطأتْ، وأعين العلماء ما انفتحت، وتراءى اليأس وآثار الرجاء انقطعتْ، وبلغ الامر إلىٰ حدٍّ أنّ الشيخ الذى هو للطالبين كسَدٍّ زرىٰ علىٰ مقالى، وتكلّم فى أقوالى، وقال إنّ هو إلا

परिशिष्ट　　　बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम　　　**हुज्जतुल्लाह**

तबाही हो मनुष्य पर कि वह कितना नाशुक्रा है

हे देखने वालो और कलाम के खोटे एवं खरे में अन्तर करने वालो! तुम जानते हो कि मैंने इस से पहले कुछ पुस्तकें अरबी में लिखी थीं और उन पुस्तकों को मैंने ऐसा सजाया था जैसा कि घरों को सजाया जाता और बुलन्द किया जाता है। और तुम ने देखा है कि वे पुस्तकें मोतियों से समानता रखती हैं और मारिफ़त का दूध पिलाती हैं और मैं आशा रखता था कि मौलवी लोग उन पुस्तकों को समस्त निशानों में से गिनेंगे और मेरे देखने के लिए अपनी कमर को सही नीयत के साथ बांधेंगे और मैं हमेशा हृदय को इस आशा के साथ सांत्वना देता था,यहां तक कि मैंने उनको नीयत और काम में खराब पाया और प्रकट हो गया कि मेरी प्रतिभा ग़लत हो गई और मौलवियों की आंखें नहीं खुलीं और निराशा प्रकट हो गईं तथा आशा की निशानियां समाप्त हो गईं और इस सीमा तक नौबत पहुँच गई कि बटाला का शेख जो अभिलाषियों के लिए एक रोक है मेरे कलाम पर उसने मीन-मेख की और कहा कि वह कथन अधम है अच्छा नहीं है ग़लत और व्यर्थ

قول رقيق وما هو بكلام جزلٍ، بل كسقطٍ وهزلٍ، وليس من غرر البيان، ولا من محاسن الكنايات والتبيان وكل ما رصّعتُ فى كتبى من الجواهر العربيّة، والنوادر الإدبية، واللطائف البيانية، والنكات المبتكرة المصبية، أراد المفسدُ المذكور أن يُطفى نورها، ويمنع ظهورها، ويجعل الناس من المنكرين أو المرتابين ومع ذٰلك ادّعى أنه فى الإدب رحيب الباع، خصيب الرباع، ومن المتفرّدين وكذلك خدَع الناس بتلبيساتهو أضحك الإطفال بخزعبيلاته، وجاء بزُور مبين وجئنا بلؤلؤٍ رَطْب فما استجاد،

ونفَضنا عليه عجماتٍ فما استحلى ثمارَنا وما أرَى الوداد، بل زاد بُخلًا وعنادًا كالمستكبرين. وقال إنّ كُتُبَ هذا الرجل مملوّة من

है तथा स्पष्ट वर्णन और उत्तम कलाम नहीं है और वे समस्त अरबी जवाहिरात, साहित्यिक अद्‌भुत बातें और रहस्यात्मक वर्णन और मनमोहक तथ्य जो मैंने अपनी पुस्तकों में लिखे इस उपद्रवी ने चाहा कि उन के प्रकाश को बुझा दे और प्रकट होने से रोके तथा लोगों को इन्कारियों या सन्देह करने वालों में से कर दे। और फिर उसके साथ यह दावा भी किया कि वह साहित्य के ज्ञान में सम्पन्न और बहुत धनवान है और उन लोगों में से है जो अद्वितीय होते हैं और इसी प्रकार अपनी सच्चाई को छुपाने से लोगों को धोखा दिया और अपने झूठे कामों से लड़कों को हंसाया और स्पष्ट झूठ लाया और हम ताज़ा मोती लाए तो उसने उनको अच्छा न समझा।

और हमने खजूर के वृक्ष को उस पर झाड़ा तो उस ने उनको मधुर नहीं समझा अपितु अहंकारियों के समान कंजूसी और वैर में बढ़ गया और कहा कि इस व्यक्ति की पुस्तकें ग़लतियों से भरी हैं तथा साहित्य और मुहावरों की लावण्ता से रिक्त हैं और स्वच्छ जल के सामन नहीं हैं तो वह बात न की जो आवश्यक थी अपितु सच को छुपाया और लोगों को रोका तथा जन सामान्य को धोखा दिया

الاغلاط والاغلوطات، ومُبعَّدة من لطائف الادب ومُلح المحاورات، وليست كماء مَعين. فما حَكَمَ بما وجب، بل أخفى الحق ومنع وحجب، وتصدّى لخدع العوام بعد ما شُغف بالكلام. وكان يعلم أنّ كتم الشهادة مأثمة، وتكذيب الصادق معصية، ولكنه آثر الدنيا على الآخرة، والنفسَ الامّارة علىٰ الحضرة الاحديّة. وأراد الله أن يرفعه فأخلدَ إلى الارض كالفاسقين. وليس فى نفسه جوهر من غير تصلّفٍ كالنسوان، وخدع الناس بتزويق اللسان، وإنّه من المزوّرين. يريد أن يُطفأ نورًا، ظلما وزورًا، ويزيد الناس رهقًا وكفورًا، ويصرف عن الحق قومًا جاهلين. ووالله إنّه لا يعلم ما البلاغة وأفنانها، وكيف يحق أداء ها وبيانها، وما وصل مقامًا من مقامات فهم الكلام، وإن هو كالانعام، ومن المحرومين. فالامر الذى يُنجّى الناس من غوائل

इसके बाद कि मेरे कलाम पर मुग्ध हुआ और वह ख़ूब जानता था कि साक्ष्य को छुपाना पाप है और सच्चे को झुठलाना पाप है परन्तु उसने आख़िरत को छोड़ा और दुनिया को ग्रहण किया और तामसिक वृत्ति से पृथ्वी की ओर झुक गया और इसमें डींगें मारने तथा भाषा की मधुरता से लोगों को धोखा देने के अतिरिक्त अन्य कोई जौहर नहीं। और वह झूठ को सजाने वालों में से है। इरादा करता है कि प्रकाश को बुझा दे और लोगों को अन्याय और कृतघ्नता में बढ़ाए और सच से मूर्खों को फेर दे और ख़ुदा की क़सम वह नहीं जानता कि सरसता किसे कहते हैं और उसकी शाखाएं क्या हैं और उसके वर्णन का हक़ क्योंकर अदा होता है और कलाम के समझने के स्थानों में से किसी स्थान तक वह नहीं पहुंचा और केवल चौपायों और वंचितों के समान है। तो वह बात जो लोगों को उसके झूठ से मुक्ति देगी यह है कि हम उस पर अपना कलाम और कुछ अरब साहित्यकारों का कलाम प्रस्तुत करें और अपना तथा उनका नाम उस पर गुप्त रखें और फिर उस को कहें कि हमें बता कि इनमें से हमारा कलाम कौन सा है और उनका

تزويراته، و هباء مقالاته، أن نعرض عليه كلامًا مِنّا و كلامًا آخر من بعض العرب العرباء، ونلبس عليه اسمنا واسم تلك الادباء، ثم نقول أَنْبِئْنا بقولنا وقول هؤلاء، إن كنت فى زرايتك من الصادقين. فإن عرف قولى وقولهم وأصاب فيما نوَى، وفرّق كفلق الحبّ من النوىٰ، فنعطيه خمسين رُوفية صِلةً منّا أو غرامةً، ونحسب منه ذٰلك كرامةً، ونعُدّه من الادباء الفاضلين، ونقبل أنه كان فيما زرَى من الصّادقين. فإن كان راضيا بهذا الاختبار، ومتصدّيًا لهذا المضمار، فليُخبرْنا بنيّته صالحة كالابرار، وليُشِعْ هذا العزم فى الجرائد والاخبار، كأهل الحق واليقين.

وأمّا أنا فبعد اطّلاعى علىٰ ذٰلك الاشتهار، سأرسل إليه أوراقا للاختبار، ليحكم الله بَينى وَبَين هذا الكفّار، وَهُوَ أحكم الحاكمين.

कलाम कौन सा है यदि तू सच्चा है तो यदि उस ने मेरा कथन और उनका कथन पहचान लिया और गुठली तथा दाने की तरह अन्तर करके दिखा दिया तो हम उसको पचास रुपया बतौर इनाम या जुर्माना देंगे और यह उसका चमत्कार समझा जाएगा और हम उसे प्रकाण्ड साहित्यकारों में से गिनेंगे और स्वीकार करेंगे कि दोष निकालने में सच बोलता था अत: यदि इस आज़माइश के लिए सहमत है और इस मैदान के लिए तैयार हो तो भले लोगों की तरह हमें सूचना दे। और चाहिए कि इरादे को अखबारों में विशवास करने वालों की तरह प्रकाशित कर दे।

परन्तु मैं विज्ञापन में सूचना पाने के बाद कुछ पृष्ठ परीक्षा के लिए उसकी ओर भेज दूंगा ताकि ख़ुदा तआला मुझ में और उसमें फैसला कर दे और वह सब हाकिमों का हाकिम है और मैं कई वर्ष से देख रहा हूं कि यह व्यक्ति निरर्थक बातों से रुकता नहीं और ख़ुदा तआला की गिरफ़्त से नहीं डरता। तो इसकी संकीर्णता ने इस पर परीक्षा के लिए मुझे विवश किया अत: यदि मैदान में आया और जो दावा किया था उसे सिद्ध कर दिखाया और मेरे वाक्यों को दूसरे के

وإنّي أرىٰ مُذ أعوام، أنّ هذا الرجل لا يمتنع من الهذيان، ولا يتّقي أَخْذَ الله الديّان، فألجأني بخله إلى هذا الامتحان. فإن جاء المضمارَ وأثبت ما ادّعٰى، و مازَ كَلِمي من كلمات أخري فله ما سمع منّا ووعَى، وإن شمّر ذيله وانثنَى، وما طالبَنا ما وَعَدنا وما انبرى، بل انساب ودخل جُحْره وانزوى، وما ترك التكذيب وما انتهٰى، فإنّ له جهنّم لا يموت فيها ولا يحيٰى، والسلام على من اتّبع الهدىٰ.

المعلن

ميرزا غلام احمد القادياني

(۲۶مئی ۱۸۹۷ء)

वाक्यों से पृथक करके दिखा दिया तो हम उसे वह इनाम देंगे जो हम से सुन चुका है और यदि अपना दामन समेट लिया और फिर गया और हमारे वादे की मांग न की और अपने बिल में घुस गया और छुप गया और झुठलाने से न रुका तो उसके लिए वह नर्क है कि जिसमें वह न मरेगा न जीवित रह सकेगा। सलामती हो उस पर जो हिदायत का अनुसरण करे।

घोषणा कर्ता

मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद क़ादियानी

26 मई 1897 ई०

एक साक्ष्य

निम्नलिखत विज्ञापन एक फ़क़ीर मज्ज़ूब ने जो सियालकोट में लगभग बारह वर्ष से रहता है हमारे पास प्रकाशित करने के लिए भिजवाया है। इसलिए हम यहां उसकी नकल असल के अनुसार शब्दश: कर देते हैं और वह यह है:-★

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

अभिव्यक्ति योग्य विज्ञापन

ख़ुदा के फ़ज़ल और इल्हाम से, जनाब रसूल मक़्बूल सल्अम की रूह से, कुल शहीदों की रूह से, कुल अब्दालों की रूह से, कुल औलिया की रूह से जो पृथ्वी पर हैं और उन रूहों से जो चौदह तबकों की ख़बर रखती हैं। मैंने उन सब से इल्हाम और गवाही पाई है कि हज़रत मिर्ज़ा साहिब को अल्लाह तआला ने भेजा है। रसूल मक्बूल के धर्म में सख़्त फ़ित्ने खड़े हो गए हैं। वह हद दर्जे का कमज़ोर हो गया। हज़ारों लानती फ़िर्के जैसे नसारा और राफ़िज़ी पैदा हो कर लोगों की गुमराही का कारण हुए। इसलिए मसीह मौऊद को भेजने की अवश्यकता हुई। इस समय ये जो भयानक फ़ित्ने पैदा हुए उनका सुधार एक भारी नबी का कार्य था परन्तु चूंकि रसूल मक़्बूल के बाद कोई नबी नहीं आना था ख़ुदा तआला ने हज़रत मिर्ज़ा साहिब को जो रसुल मक़्बूल के दस्तार मुबारक हैं, भेजा। जो लोग सोचते हैं कि हज़रत ईसा इस शरीर से आकाश पर उठाऐ गए वे झुठे हैं। कोई मौत का स्वाद चखे बिना तथा शरीर के साथ कोई नहीं गया। हे गद्दी नशीन उलेमा! हे गद्दी नशीन फ़क़ीरो! हे अहले बैत गद्दी नशीनो! सुन रखो शीघ्र ही आकाश से बड़ी भारी प्रतापी गवाही इस सिलसिले की सच्चाई की प्रकट होने वाली है। स्वयं ख़ुदा बड़े ज़ोर से गवाही देगा फिर तुम इस विरोध में बड़े अपमानित

★ इस मज्ज़ूब की इस इलाके में बड़ी प्रतिष्ठा और प्रसिद्धि है।

और शर्मिंदा होगे। यह मेरा विज्ञापन सच्चा है। यह 'लौहे महफ़ूज़' की नक़ल है। मैं देखता हूं इस विरोध से ख़ुदा तआला तुम पर बहुत नाराज़ है। रसूल मक़्बूल तुम से अत्याधिक नाराज़ हैं।   विज्ञापन दाता

फ़क़ीर मुहमद - सियालकोट बरलब ऐक, बाग़ बस्ती वाला

28 मई 1897 ई०

एक उत्तम प्रस्ताव

इरादा है कि हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद के वे निबंध जो भिन्न-भिन्न प्रकार के हैं उदाहरणतया प्रकाशित विज्ञापन, हस्त लिखित पत्र और वे निबंध जो किसी अन्य की पुस्तक या किसी अख़बार में छपे हैं एक स्थान पर एकत्र करके पुस्तक के रूप में प्रकाशित किए जाएं। अत: जिस साहिब के पास 1896 ई० से पहले का जो कोई विज्ञापन (प्रकाशित) हो उसके शीर्षक, तिथि, निबंध का खुलासा और पृष्ठों की संख्या से सूचित करें ताकि यदि दफ्तर में वह न हो तो उनसे अस्थाई तौर पर मांग लिया जाए। और जिस साहिब के पास हज़रत अक़्दस का कोई पत्र जो निजी मामले के बारे में न हो और सामान्य तौर पर लाभप्रद हो उसकी नकल अपितु वह असल पत्र ही अस्थाई तौर पर कुछ दिन के लिए भेज दें। नकल करने के बाद इंशाअल्लाह वापस किया जाएगा। यह भी स्पष्ट रहे कि क्रेताओं के पर्याप्त निवेदन उपलब्ध होने पर इस पुस्तक के छापने का प्रबंध होगा। फिर शौक रखने वाले साथ ही खरीदारी का निवेदन प्रेषित करें। पत्राचार साहिबज़ादा सिराजुलहक़ साहिब जमाली नोमानी के नाम होना चाहिए। इति

विज्ञापनदाता- मंजूर अहमद, प्रबंधक पुस्तकालय हज़रत अक़्दस

क़ादियान दारुलअमान।

प्रथम जून

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم
الحمد للہ و سلام علیٰ عبادہ الذین اصطفٰی

سخن نزدم مَراں از شہر یارے	کہ ہستم بردرے امّیدوارے
خداوندے کہ جان بخش جہان ست	بدیع و خالق و پروردگارے
کریم و قادر و مشکل کشائے	رحیم و مُحسن و حاجت برارے
فتادم بردرش زیر آنکہ گویند	برآید درجہان کارے زِ کارے
چو آن یارِ وفادار آیدم یاد	فراموشم شود ہر خویش و یارے
بغیر او چساں بندم دلِ خویش	کہ بے رویش نمے آید قرارے

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

अल्हम्दुलिल्लाह सलामुन अला इबादिहिल्लज़ीनस्तफा

मेरे सामने किसी बादशाह की चर्चा न कर क्योंकि मैं तो एक और दरवाज़े पर प्रत्याशी पड़ा हूं।

वह ख़ुदा जो दुनिया को जीवन प्रदान करने वाला है और अनुपम स्रष्टा और प्रतिपालक है।

कृपालु है, सामर्थ्यवान है, मुश्किल दूर करने वाला है दयालु है उपकारी है और आवश्यकता पूर्ण करने वाला है।

मैं उसके दरवाज़े पर पड़ा हूं क्योंकि कहावत प्रसिद्ध है कि दुनिया में एक काम में से दूसरा काम निकल आता है।

जब वह यार वफ़ादार मुझे याद आता है तो हर रिश्तेदार और दोस्त मुझे भूल जाता है।

मैं उसे छोड़ कर किसी और से किस प्रकार दिल लगाऊं कि उसके बिना मुझे चैन नहीं आता।

کہ بستیمش بدامانِ نگارے	دلم در سینۂ ریشم مجوئید
سرِمن در رہِ یارے نثارے	دل من دلبرے را تخت گاہے
کہ فضل اوست ناپیدا کنارے	چگویم فضل او بر من چگون ست
کہ لُطفِ اوست بیروں از شمارے	عنایت ہائے او را چوں شمارم
ندارد کس خبر زاں کاروبارے	مرا کاریست با آں دلستانے
بوقت وضع حملے باردارے	بنالم بردرش زِ انساں کہ نالد
چہ خوش وقتے چہ خُرّم روزگارے	مرا باعشق او وقتے ست معمور
کہ فارغ کردی از باغ و بہارے	ثناہا گویمت اے گُلشن یار

दिल को मेरे ज़ख़्मी सीने में न ढूंढो कि हम ने उसे एक प्रियतम के दामन से बांध दिया है।

मेरा दिल दिल्बर का तख़्त है और मेरा सिर यार के मार्ग में क़ुर्बान है।

मैं क्या बताऊं कि मुझ पर उसकी कृपा किस प्रकार की है क्योंकि उसकी कृपा तो एक नापैदा किनार समुद्र है।

मैं उसकी मेहरबानियों को कैसे गिनूँ कि उसकी मेहरबानियां तो गिनती की सीमा से बाहर हैं।

मुझे उस दिलबर से ऐसा संबंध है कि किसी को भी इस मामले की ख़बर नहीं।

मैं उसके दरवाज़े पर इस प्रकार रोता हूं जिस प्रकार बच्चा पैदा होते समय गर्भवती स्त्री रोती है।

मेरा समय उसी के प्रेम से भरपूर है। वाह क्या अच्छा समय है और क्या उत्तम युग है।

हे यार की वाटिका तेरे क्या कहने तू ने तो मुझे दुनिया के बाग़-व-बहार से निवृत्त कर दिया है।

ذَبُّ الْمُفْتَرِيْنَ

اِنَّ الَّذِیْنَ یُحَارِبُوْنَنِیْ لَا یُحَارِبُوْنَ اِلَّا اللّٰہَ فَسَیَعْلَمُ الَّذِیْنَ ظَلَمُوْا اَیَّ مُنْقَلَبٍ یَّنْقَلِبُوْن

بُردباری می کند زور آورے | جاہلے فہمد کہ ہستم برترے

इस समय मेरे सामने वे काग़ज़ पड़े हैं जिन में नाम के मुसलमानों ने मुझे गालियां दी हैं। उनमें से एक अब्दुल हक़ ग़ज़नवी है जो अपने विज्ञापन में मुझे दज्जाल ठहरा कर अपने विज्ञापन के शीर्षक में लिखता है कि-

ضَرْبُ النّعال علیٰ وجْه الدَّجَّال

अर्थात उस दज्जाल के मुंह पर जूती मारता हूं। अत: यह तो उसने सच कहा क्योंकि वास्तव में वह स्वयं दज्जाल है और आकाश से उसी के मुंह पर जूती पड़ी न कि किसी अन्य के मुंह पर। अभी मालूम नहीं कि उस का सर कहां तक नर्म किया जाएगा। अभी धार्मिक महोत्सव से इस समय तक केवल दो आकाशीय जूते उस के सर पर पड़े हैं। हां सख्त चोट से पड़े जिससे कुछ हड्डियाँ टूटी होंगी। मालूम नहीं कि किस समय इस भाग्यहीन ने यह वाक्य मुंह से निकाला था कि दुआ की तरह उसके पक्ष में स्वीकार हो गया। फिर उसी विज्ञापन में यह मूर्ख मेरे बारे में लिखता है कि लानत का तौक़ उसके गले में है। परन्तु अब उससे पूछना चाहिए कि तनिक आखें खोलकर देखे कि किस की गर्दन में है? थोड़ा समझ कर बोले कि धार्मिक महोत्सव के इल्हामी विज्ञापन ने किस के मुंह को काला किया? लेखराम की मृत्यु ने किस के गले में लानत का तौक़ डाला? यह व्यक्ति बार-बार आथम की भविष्यवाणी के बारे में ऐतराज़ करता है। मुर्ख को अब तक समझ नहीं आती कि

आथम की भविष्यवाणी★ जैसा कि इल्हाम के शब्द तथा इल्हाम की शर्त थी पूरी सफ़ाई से पूरी हो गई। शर्त के अनुसार ख़ुदा तआला ने उसकी मृत्यु में विलम्ब डाल दिया और फिर इल्हाम के अनुसार उसे सात माह के अन्दर मार दिया। चूंकि आथम डरा, इसलिए ख़ुदा ने उस के मामले में अपनी दया की विशेषता को दिखलाया और लेखराम नहीं डरा इसलिए ख़ुदा ने उस के मामले में अपने प्रकोप की विशेषता को दिखलाया। अत: ख़ुदा ने इन दोनों भविष्यवाणियों से अपनी जमाली (सौन्दर्य) और प्रतापी (जलाली) विशेषताओं का नमूना दिखला दिया तथा प्रत्येक हालत के अनुसार मामला किया। आथम भविष्यवाणी को सुनकर समस्त ग़ुस्ताख़ियों से पृथक हो गया परन्तु लेखराम न हुआ। आथम ने मुसलमानों से समस्त मुबाहसे छोड़ दिए, परन्तु

★हाशिया :-

आथम के हालात के बारे में जो कुछ अन्वारुल इस्लाम में प्रकाशित हुआ था उसको संक्षिप्त रूप से पुनः जनसामान्य के लाभार्थ लिखा जाता है और वह यह है

यह बात बिल्कुल सच, निश्चित तथा इल्हाम के अनुसार है कि यदि मिस्टर अब्दुल्लाह का दिल जैसा कि पहले था वैसा ही इस्लाम के अपमान और तिरस्कार पर स्थापित रहता और इस्लामी श्रेष्ठता को स्वीकार करके सच की ओर लौटने का कोई हिस्सा न लेता तो उसी समय-सीमा के अन्दर उस के जीवन का अन्त हो जाता। परन्तु ख़ुदा तआला के इल्हाम ने मुझे जतला दिया कि डिप्टी अब्दुल्लाह आथम ने इस्लाम की श्रेष्ठता और उसके रोब को स्वीकार करके सच की ओर लौटने का कुछ भाग ले लिया। जिस भाग ने उसके मौत के वादे और पूर्ण तौर के हाविय: में विलम्ब डाल दिया और हाविय: में तो गिरा परन्तु उस बड़े हाविय: से थोड़े दिनों के लिए बच गया जिस का नाम मौत है और यह स्पष्ट है कि इल्हामी शब्दों और शर्तों में से कोई ऐसा शब्द या शर्त नहीं है जो प्रभाव रहित हो या जिस का

उसने कदापि न छोड़े। आथम उस दिन तक कि मीआद के दिन पूरे हुए मुर्दे के समान पड़ा रहा और रोता रहा। परन्तु यह हंसता और ठट्ठे मारता रहा उसने शर्म दिखाई परन्तु लेखराम ने बेशर्मी और गुस्ताख़ी व्यक्त की। उसने अपना मुंह बन्द कर लिया और लेखराम ने गालियों से अपना मुंह खोला। ख़ुदा ने आथम के बारे में मुझे सम्बोधित करके फ़रमाया कि **اطّلعَ اللهُ علیٰ همِّه وغَمِّه وَلَنْ تجِدَ لِسُنَّةِ اللّٰهِ تَبْدِيْلاً** अर्थात ख़ुदा ने देखा कि आथम का दिल रंज-व-ग़म से भर गया इसलिए उस दयालु ख़ुदा ने विलम्ब डाल दिया और फ़रमाया कि यह कभी न होगा कि ख़ुदा अपनी आदतों को बदल ले। अर्थात वह डरने वाले के साथ कठोरता नहीं करता, परन्तु लेखराम न डरा और उस के दुर्भागय से आथम का डरना उसे दिलेर

शेष हाशिया - कुछ मौजूद हो जाना अपना प्रभाव पैदा न करे। इसलिए अवश्य था कि जितना अब्दुल्लाह आथम के दिल ने सच की श्रेष्ठता को स्वीकार किया उस का लाभ उसको पहुंच जाए। तो ख़ुदा तआला ने ऐसा ही किया और मुझे फ़रमाया -

اطلع اللّٰہ علی همه وغمه۔ ولن تجد لسنة اللّٰہ تبدیلا و لا تعجبوا و لا تحزنوا و انتم الاعلون ان کنتم مؤمنین و بعزتی و جلالی انك انت الاعلیٰ۔ و نمزق الاعداء کل ممزق و مکر اولئك هو یبور۔ انا نکشف السر عن ساقه یومئذ یفرح المؤمنون۔ ثلّة من الاولین و ثلّة من الآخرین و هذه تذکرة فمن شاء اتخذ الیٰ ربه سبیلا۔

अनुवाद - ख़ुदा तआला ने उसके दुख एवं शोकों पर सूचना पाई और उसको छूट दी जब तक कि वह धृष्टता और गालियों और झुठलाने की ओर झुके और ख़ुदा तआला के उपकार को भुला दे (ये अर्थ कथित वाक्य के ख़ुदा के समझाने से हैं) और फिर फ़रमाया कि ख़ुदा तआला की यही सुन्नत है और तू ख़ुदाई नियमों (सुन्नतों) में परिवर्तन नहीं पाएगा। इस वाक्य के बारे में यह समझा गया कि ख़ुदा तआला की आदत इसी प्रकार से जारी है कि वह किसी

कर गया। यही करण है कि आथम के बारे में ख़ुदा ने नर्मी से मामला किया क्योंकि वह नर्म रहा और लेखरम से कठोरता से क्योंकि उसने कठोरता दिखाई और यही कारण है कि आथम के बारे में केवल एक बार इल्हाम हुआ और वह भी शर्त के साथ और लेखराम के अज़ाब के बारे में बार-बार कोपपूर्ण इल्हाम हुए। तो आथम के बारे में जो भविष्यवाणी की गई वह ऐसी महान भविष्यवाणी है जो सत्रह वर्ष पूर्व उस समय से बराहीन अहमदिया में भी उस का ज़िक्र मौजूद है और आसार नबवी में भी उसका ज़िक्र पाया जाता है। इस भविष्यवाणी के दोनों पहलुओं की दृष्टि से पूर्ति हो चुकी और आथम एक मुद्दत से मर चुका फिर क्या अब तक वह भविष्यवाणी पूरी न हुई। लानतुल्लाह अलल काज़िबीन। क्या आथम कुंआरी लड़की था जो बिना किसी शक्तिशाली कारण के मुक़ाबले पर आने से शर्म की। भविष्य-

---

शेष हाशिया - पर अज़ाब नहीं उतारता जब तक ऐसे पूर्ण कारण पैदा न हो जाएं जो ख़ुदा के प्रकोप को भड़काएं। और यदि दिल के किसी कोने में भी कुछ ख़ुदा का भय छुपा हुआ हो और कुछ धड़का आरंभ हो जाए तो अज़ाब नहीं उतरता तथा दूसरे समय पर जा पड़ता है। फिर फ़रमाया कुछ आश्चर्य मत करो और ग़मगीन मत हो तथा विजय तुम्हीं को है यदि तुम ईमान पर स्थापित रहो। यह इस ख़ाकसार की जमाअत को संबोधन है। फिर फ़रमाया - मुझे मेरे सम्मान और प्रताप की क़सम है कि तू ही विजयी है (यह इस ख़ाकसार को सम्बोधन है)। और फिर फ़रमाया - कि हम शत्रुओं को टुकड़े-टुकड़े कर देंगे। अर्थात् उनको अपमान पहुंचेगा और उनका मक्र (छल) तबाह हो जाएगा। इसमें यह समझाया गया कि तुम ही विजयी हो न कि शत्रु और ख़ुदा तआला बस नहीं करेगा और न रुकेगा जब तक शत्रुओं के समस्त मकरों का छिद्रान्वेषण न करे और उनके मक्र को तबाह न कर दे। अर्थात् जो मक्र बनाया गया और साक्षात् किया गया उसे तोड़ डालेगा और उसको मुर्दा करके फेंक देगा तथा उसकी लाश लोगों को दिखा देगा।

वाणी को सुनते ही इस्लामी धाक उसे खा गई वह अन्दर ही अन्दर पिघल गया और किसी हिम्मत के योग्य न रहा। न क़सम के योग्य न नालिश के योग्य। जब क़सम के लिए बुलाया जाता था तो उस का कलेजा कांप जाता था जब नालिश के लिए उकसाया जाता था तो उसकी अन्तर्आत्मा उसके मुंह पर तमांचे मारती थी। मसीह ने स्वयं क़सम खाई, पौलूस ने खाई। उसने अत्यन्त आवश्यकता के समय क्यों क़सम न खाई। यादि आक्रमण हुए थे तो नालिश करता और दण्ड दिलाता। उसका अधिकार था उसने क्यों नालिश न की। हे ग़ज़नवी लोगो! तुम्हें सच्चाई से कितनी दुश्मनी है। क्या कोई सीमा भी है? क्या तुम्हारा यही संयम (तक़्वा) है जिसे लेकर तुम पंजाब में आए!! एक मुसलमान को काफ़िर बनाते और ख़ुदा के स्पष्ट और खुले-खुले निशानों का इन्कार करते हो और पादरियों को अपनी दज्जाली बातों से मदद देते हो।

शेष हाशिया - फिर फ़रमाया कि हम असल भेद को उसकी पिण्डलियों में से नंगा करके दिखा देंगे अर्थात् वास्तविकता को खोल देंगे और विजय के स्पष्ट तर्कों को प्रकट करेंगे★और उस दिन मोमिन प्रसन्न होंगे। पहले मोमिन भी और पिछले मोमिन भी। फिर फ़रमाया कि कथित कारण से मृत्यु के अज़ाब का विलम्ब हमारी सुन्नत (नियम) है जिस का हमने वर्णन कर दिया। अब जो चाहे मार्ग अपना ले जो उसके रब्ब की ओर जाता है। इसमें कुधारणा करने वालों पर डांट और निन्दा है तथा इसमें यह भी बोध हुआ कि जो सौभाग्यशाली लोग हैं और जो ख़ुदा ही को चाहते हैं तथा किसी कंजूसी, पक्षपात, जल्दबाज़ी या ग़लत समझ के अंधकार में ग्रस्त नहीं वे इस वर्णन को स्वीकार करेंगे और ख़ुदा की शिक्षा के अनुसार उसको पाएंगे, परन्तु जो अपने नफ़्स और अपनी कामवासना की हठ के अनुयायी या सच को पहचानने वाले नहीं वे धृष्टता और कामवासना के अंधकार के कारण उसे स्वीकार नहीं करेंगे। ख़ुदा के इल्हाम का अनुवाद ख़ुदा के बोध कराने के साथ किया गया

★यह लेखराम की मौत की ओर इशारा है।

क्या तुम्हें ऐसा करना उचित था ? क्या ख़ुदा एक दज्जाल और झुठे की प्रतिष्ठा और मान्यता को पृथ्वी पर फैला रहा है? और तुम जैसे सौभाग्यशालियों को अपमानित कर रहा है या उसे धोखा लग गया है, क्या वह दिलों के रहस्यों को जानने वाला नहीं? क्या तुम सच्चाई को मिटा दोगे? क्या वह प्रकाश जो आकश से उतरा है तुम उस को मुंह की फूंकों से बुझा दोगे? यदि तुम नेक इन्सान की सन्तान हो तो बुराई में स्वयं को मत डालो समझ जाओ और संभल जाओ कि अभी समय है और आयत وَلَا تَقْفُ مَا لَيْسَ لَكَ بِهٖ عِلْمٌ को ध्यानपूर्वक पढ़ो आगे तुम्हारा अधिकार है।

फिर इसी विज्ञापन में इसी बुज़ुर्ग अब्दुल हक़ ने और भी गलियां दी हैं अत: पृष्ठ 2,3 तथा 4 में मेरे बारे में लिखता है-"बदकार, शैतान, लानती, लानत मलामत की जूती उस के सिर पर अपमानित दुर्दशाग्रस्त अल्लाह तआला का

शेष हाशिया - जिसका सारांश यही है कि हमेशा से ख़ुदा की सुन्नत इसी प्रकार से है कि जब तक कोई काफ़िर या इन्कारी अत्यधिक धृष्ट और गुस्ताख होकर अपने हाथ से अपने लिए तबाही के सामान पैदा न करे तब तक ख़ुदा तआला अज़ाब के तौर पर उसे नहीं मारता और जब किसी इन्कारी पर अज़ाब उतरने का समय आता है तो उसमें वे सामान पैदा हो जाते हैं जिन के कारण उस पर मारने का आदेश लिखा जाता है। ख़ुदा के अज़ाब के लिए यही अनादि क़ानून है और यही जारी रहने वाली सुन्नत और यही अपरिवर्तनीय नियम ख़ुदा की किताब ने वर्णन किया है और विचार करने पर प्रकट होगा कि जो मिस्टर अब्दुल्लाह आथम के बारे में अर्थात् हाविय: के दण्ड के बारे में इल्हामी शर्त थी वह वास्तव में इसी सुन्नतुल्लाह के अनुसार है। क्योंकि उसके शब्द ये हैं कि **बशर्ते कि सच की ओर न लौटे**। किन्तु मिस्टर अब्दुल्लाह आथम ने व्याकुलतापूर्ण हालत से सिद्ध कर दिया कि उसने इस भविष्यवाणी को सम्मान की दृष्टि से देखा जो इल्हामी तौर पर इस्लामी सच्चाई की बुनियाद पर की गई थी और ख़ुदा तआला के इल्हाम ने भी मुझे

शत्रु, ख़ुदा के वली अब्दुल हक़ का शत्रु" फिर विज्ञापन के अन्त में भविष्यवाणी करता है कि शीघ्र ही अल्लाह तआला का प्रकोप तुम पर उतरेगा। मैं कहता हूं कि हे अयोग्य मूर्ख ! तूने यह अच्छा नहीं किया कि ख़ुदा पर झूठ बांधा अब देख कि वह प्रकोप तुझ पर उतरा या किसी अन्य पर? क्या तेरे गले में लानत का रस्सा पड़ा या किसी अन्य के गले में? तू ने उसी अपने विज्ञापन में दावा किया था कि मैं आग में जा सकता हूं और नहीं जलूंगा और दरिया पर चलने के लिए उपस्थित हूं और नहीं डूबूंगा। और एक महीना कोठरी में बन्द रहने के लिए मौजूद हूं और नहीं मरूंगा। परन्तु हे नीच इन्हीं धृष्टताओं का कारण इस समय ख़ुदा ने तेरा मुंह काला किया। ख़ुदा के खुले-खुले निशान ने तुझे अज़ाब की आग में डाला और तू जल गया और बच नहीं सका। तेरे लिए यह अज़ाब कम नहीं हुआ कि समस्त कौमों में इस निशान की प्रतिष्ठा प्रकट हुई।

शेष हाशिया - यही ख़बर दी कि हम ने उस के दुख एवं शोक पर सूचना पाई। अर्थात् वह इस्लामी भविष्यवाणी से भयावह हालत में पड़ा और उस पर रोब विजयी हुआ। उसने अपने कार्यों से दिखा दिया कि इस्लामी भविष्यवाणी का कैसा भयानक प्रभाव उसके दिल पर हुआ और उस पर घबराहट और दीवानगी तथा दिल की हैरत विजयी हो गयी और इल्हाम भविष्यवाणी के रोब ने उसके दिल को कैसा कुचला हुआ दिल बना दिया, यहां तक कि वह बहुत बेचैन हुआ और एक शहर से दूसरे शहर तथा प्रत्येक स्थान पर परेशान और भयभीत होकर फिरता रहा और उस बनावटी ख़ुदा पर उसका भरोसा न रहा जिसको विचारों का टेढ़ापन और पथभ्रष्टता के अंधकार ने ख़ुदाई का स्थान दे रखा है। वह कुत्तों से डरा और उसे सांपों का भय हुआ और अन्दर के मकानों से भी उसे भय आया। उस पर भय और भ्रम और दिल की जलन का प्रभुत्त्व हुआ और भविष्यवाणी का उस पर पूर्ण भय छा गया और घटना से पूर्व ही उसका प्रभाव उसको महसूस हुआ और इसके बिना कि कोई अमृतसर से उसको निकाले आप ही हताश, भयभीत, परेशान और बेचैन होकर एक शहर

निस्सन्देह उस आग ने तुझे जलाकर राख कर दिया। तू शर्म के दरिया में भी डूब गया और उस पर चल न सका और तू शर्मिन्दगी की अधंकारपूर्ण कोठरी में बन्द किया गया और वहीं मर गया। देख! ख़ुदा के स्वाभिमान ने तुझे क्या-क्या दिखलाया। तनिक आंख खोल और देख कि तेरा घमंड तुझे कैसा सामने आ गया, तू मुझे कहता था कि तू आग में जलेगा और दरिया में डूबेगा और कोठरी में मरेगा। हे भाग्यहीन अब देख कि ये तीनों बातें किस पर आईं तुझ पर या मुझ पर। सच कह क्या इस अज़ाब की आग ने तुझे नहीं जलाया? क्या तू क़सम खा सकता है कि इस आग से तेरा दिल कबाब नहीं हुआ? और क्यों न हुआ जबकि ऐसी खुली-खुली भविष्यवाणी पूरी हुई जिसमें समस्त हिन्दुओं

शेष हाशिया - से दूसरे शहर भागता रहा और ख़ुदा ने उसके दिल का आराम छीन लिया और भविष्यवाणी से अत्यन्त प्रभावित होकर उद्विग्नों और भयभीतों की भांति जगह-जगह भटकता फिरा और ख़ुदा के इल्हाम का रोब तथा प्रभाव उसके हृदय पर ऐसा छाया कि उसकी रातें भयावह और दिन व्याकुलता से भर गए और सच के विरोध की हालत में जो-जो भय और खेद उस व्यक्ति पर आ जाता है जो विश्वास रखता है और गुमान करता है कि शायद ख़ुदा का अज़ाब उतरे। ये सब लक्षण उसमें पाए गए और वह अदभुत तौर पर अपनी व्याकुलता और बेचैनी जगह-जगह प्रकट करता रहा और ख़ुदा तआला ने एक आश्चर्यजनक भय और आशंका को उसके हृदय में डाल दिया कि एक बात का ख़टका भी उसके हृदय को आघात पहुंचाता रहा और एक कुत्ते के सामने आने से भी उसे मौत का फ़रिश्ता याद आया तथा किसी जगह उसे चैन न पड़ा और एक सख़्त वीराने में उसके दिन गुज़रे और उद्विग्निता, परेशानी, बेचैनी तथा व्याकुलता ने उसके हृदय को घेर लिया और डरावने विचार उस पर रात-दिन विजयी रहे और उसके हृदय की कल्पनाओं ने इस्लामी श्रेष्ठता को अस्वीकार न किया बल्कि स्वीकार किया। इसलिए वह ख़ुदा जो दयालु और कृपालु तथा दण्ड देने में धीमा है और मनुष्य के हृदय के विचारों को जांचता और उसकी कल्पनाओं के अनुसार उस से अमल करता है उसने

को स्वयं इक़रार है कि वह उच्च श्रेणी की भविष्यवाणी है जिसमें समय से पूर्व समस्त पत्ते बताए गए थे मीआद बताई गई थी, मौत का दिन बताया गया मौत का रूप बताया गया और आयत لَا يُظْهِرُ عَلٰى غَيْبِهٖٓ أَحَدًا ने यह फैसला कर दिया है कि ऐसी खुली खुली भविष्यवाणी केवल ख़ुदा के मुर्सलों को दी जाती है। न ज्योतिषियों से हो सकती है न दज्जालों से। तो क्या यह वह आग नहीं है जिसने तेरे दिल को जला दिया? क्या तू अब ख़ुदा के कलाम से इन्कार करेगा? या आत्महत्या करके मर जाएगा? क्या तू क़सम खा सकता है कि अब तक तू शर्मिंदगी के दरिया में नहीं डूबा। क्या तुझ पर और समस्त लोगों पर अब तक नहीं खुला कि तू लज्जा की अंधकारपूर्ण कोठरी में बन्द किया गया?

शेष हाशिया - उसको उस रूप पर न पाया जिस रूप में तुरन्त पूर्ण हाविय: का दण्ड अर्थात् अविलम्ब मृत्यु उस पर उतरती और अवश्य था कि वह पूर्ण अज़ाब उस समय तक रुका रहे जब तक कि वह बेबाकी और उद्दंडता से अपने हाथ से अपनी तबाही का समान पैदा करे और अल्लाह के इल्हाम ने भी इसी ओर इशारा किया था क्योंकि इल्हामी इबारत में शर्ती तौर पर मौत के अज़ाब आने का वादा था न कि केवल बिना शर्त वादा। किन्तु ख़ुदा तआला ने देखा कि मिस्टर अब्दुल्लाह आथम ने अपने हृदय की कल्पनाओं से, कार्यों से, अपनी गतिविधियों से, अपने अत्यधिक भय से, अपने भयावह एवं हताश हृदय से इस्लामी श्रेष्ठता को स्वीकार किया, और यह हालत एक लौटने का प्रकार है जो इल्हाम के अपवाद वाले वाक्य से कुछ संबंध रखता है। क्योंकि जो व्यक्ति इस्लामी श्रेष्ठता को स्वीकार नहीं करता अपितु उसका भय उस पर विजयी होता है वह एक प्रकार से इस्लाम की ओर लौटता है। यद्यपि ऐसा लौटना आख़िरत के अज़ाब से बचा नहीं सकता परन्तु सांसारिक अज़ाब में धृष्टता के दिनों तक विलम्ब अवश्य डाल देता है। यही वादा पवित्र क़ुर्आन और बाइबल में मौजूद है और जो कुछ हमने मिस्टर अब्दुल्लाह आथम के बारे में और उसके दिल की हालत के बारे में वर्णन किया ये बातें बिना सबूत नहीं अपितु मिस्टर अब्दुल्लाह आथम ने स्वयं को अत्यन्त आपदाग्रस्त बना

और तेरी दुआओं तथा तेरे उस शैतानी इल्हाम के विरुद्ध जो तू ने विज्ञापन के अन्त में लिखा था प्रकटन में आया? हे दुर्भाग्यशाली! क्या तू अब तक जीवित है? नहीं-नहीं तेरी निरर्थक बातों ने तुझे तबाह कर दिया। तू उन तीन अज़ाबों में स्वयं ही पड़ गया जिन के द्वारा मेरी मृत्यु बताता था فَاعۡتَبِرُوۡا يَاُولِى الۡاَبۡصَارِ

फिर अब्दुल हक़ ने लिखा है कि आथम की भविष्यवाणी के पूर्ण न होने के समय में तुम पर मुसलमानों और ईसाइयों ने कितनी लानतें कीं। यही दण्ड दज्जाल कज़्ज़ाब का था। इसका उत्तर यह है कि आदेश परिणामों पर

शेष हाशिया - कर और स्वयं को ग़रीबी के कष्टों में डालकर तथा अपने जीवन को एक शोकाकुल हालत बनाकर और प्रतिदिन भय तथा हताशा की हरकतें करके एक दुनिया को अपनी परेशानी और दीवानापन दिखा कर बड़ी सफ़ाई से इस बात को सिद्ध कर दिया है कि उसके हृदय ने इस्लामी श्रेष्ठता एवं सच्चाई को स्वीकार कर लिया। क्या यह बात झूठ है कि उसने भविष्यवाणी के **रोब वाले विषय** को पूर्णरूप से स्वयं पर डाल लिया और जितना एक मनुष्य एक सच्ची एवं वास्तविक विपत्ति से भयभीत हो सकता है उतना ही वह इस भविष्यवाणी से भयभीत हुआ और उसका हृदय बाह्य सुरक्षाओं से सन्तुष्ट न हो सका और सच्चाई के रोब ने उसे पागल सा बना दिया। तो ख़ुदा तआला ने न चाहा कि उसे ऐसी हालत में मार डाले। क्योंकि यह उसके अनादि क़ानून और अनादि सुन्नत के विरुद्ध है तथा यह इल्हामी शर्त से उलट एवं विपरीत है और यदि इल्हाम अपनी शर्तों को छोड़कर अन्य प्रकार से प्रकटन करे तो यद्यपि मूर्ख लोग इस से प्रसन्न हों, परन्तु ऐसा इल्हाम ख़ुदा का इल्हाम नहीं हो सकता और यह असंभव है कि ख़ुदा अपनी प्रस्तावित शर्तों को भूल जाए। क्योंकि शर्तों का ध्यान रखना सच्चे के लिए आवश्यक है और ख़ुदा सब सत्यनिष्ठों से अधिक सत्यनिष्ठ है। हां जिस समय मिस्टर अबुदल्लाह आथम इस शर्त के नीचे से स्वयं को बाहर करे और अपने लिए अपनी गुस्ताख़ी तथा धृष्टता से तबाही के सामान पैदा करे तो वे दिन निकट आ जाएंगे और हाविय: का दण्ड पूर्णरूप से प्रकट होगा। और यह भविष्यवाणी अद्‌भुत तौर

लागू होता है। मोटी बुद्धि वालों और मूर्खों ने नबियों रसूलों से भी प्रारंभ में ऐसा ही किया है। फिर अन्त में अपनी अज्ञानताओं पर रोए। मैं तुम्हें सच सच कहता हूं कि यहां भी ऐसा ही होगा।

यह भी स्मरण रहे कि इस अब्दुल हक़ और उसकी जमाअत का एक कलमी पत्र भी रमज़ान माह के प्रारंभ में मेरे पास पहुंचा चूंकि वह गालियों से भरा हुआ था इसलिए मैंने न चाहा कि रमज़ान में उसका उत्तर लिखूं। परन्तु वह पत्र गज़नवी लोगों का अब तक मौजूद है और गालियां जो मुझे दी हैं वे ये हैं- दस हज़ार तेरे पर लानत, लानत, लानत, लानत, लानत अशरह अल्फ़िमअ: काफ़िर, अक्फ़र, दज्जाल, शैतान, फ़िरऔन, क़ारून, हामान,

---

शेष हाशिया - पर अपना प्रभाव दिखाएगी। और ध्यानपूर्वक स्मरण रखना चाहिए कि हाविय: में गिराया जाना जो असल शब्द इल्हाम में हैं वे अब्दुल्लाह आथम ने अपने हाथ से पूरे किए और जिन कष्टों में उसने स्वयं को डाल लिया तथा जिस ढंग से निरन्तर घबराहट का सिलसिला उस के दामन को पकड़ कर रोकने वाला हो गया और भय एवं डर ने उसके हृदय को पकड़ लिया यही **असल हाविय:** था और मौत की सज़ा उसके कमाल के लिए है। जिसकी चर्चा इल्हामी इबारत में मौजूद भी नहीं। निस्सन्देह यह कष्ट एक हाविय: था जिसको अब्दुल्लाह आथम ने अपनी हालत के अनुसार भुगत लिया। परन्तु वह बड़ा हाविय: जो मौत से अभिप्राय किया गया है उसमें कुछ छूट दी गयी, क्योंकि सच का रोब उसने अपने सर पर ले लिया। इसलिए वह ख़ुदा तआला की दृष्टि में उस शर्त से कुछ लाभ प्राप्त करने का अधिकारी हो गया जो इल्हामी इबारत में दर्ज है, और अवश्य है कि प्रत्येक बात का प्रकटन इसी प्रकार से हो जिस प्रकार से ख़ुदा तआला के इल्हाम में वादा हुआ, और मैं विश्वास रखता हूं कि हमारे इस वर्णन में वही व्यक्ति विरोध करेगा जिसको मिस्टर अब्दुल्लाह आथम की इन समस्त घटनाओं पर पूर्णरूप से सूचना न होगी और या जो पक्षपात, कंजूसी और निष्ठुरता से सच को छुपाना चाहता है।

अड़ड़पोपो, घाटी का वहशी, कल्ब यल्हस अर्थात जंगली कुत्ता। इन अफ़गानों की बातचीत की मिठास और संयम का यह नमूना है।

एक अन्य सज्जन जो गालियां देने में अब्दुल हक़ के छोटे भाई या बड़े भाई हैं अपने अख़बार 'दुर्रतुल इस्लाम' में बहुत सी गालियों के साथ आथम की भविष्यवाणी की चर्चा करते हैं। अब मैं उन को बार-बार कहां तक बताऊं कि आथम तो भविष्यवाणी के अनुसार जीवित भी रहा और मरा भी। उसने भय दिखाया और निर्लज्जता व्यक्त न की। इसलिए ख़ुदा ने वादे के अनुसार उससे नर्मी की और कुछ विलम्ब डाल दिया और लेखराम ने निरन्तर गुस्ताखियां व्यक्त कीं। इसलिए शक्तिमान प्रकोपी ने उसे पकड़ लिया। ये दोनों नमूने आथम और लेखराम के अध्यात्म ज्ञान के भूखों-प्यासों के लिए अत्यन्त लाभप्रद हैं। इन से यह भी सिद्ध होता है कि ख़ुदा कैसा दयालु-कृपालु है जो नर्मी करने वालों से नर्मी करता है। और कैसा स्वाभिमानी है जो चालाकी करने वालों को शीघ्र पकड़ता है। आथम का भविष्यवाणी के सुनने से ठण्डा और सर्द हो जाना और लेखराम का धृष्ट हो जाना अवश्य चाहता था कि दो भिन्न परिणाम पैदा हों। हे मूर्खो क्या यह वैध था कि ख़ुदा की इल्हामी शर्त पूर्ण न होती या वह नर्मी के स्थान पर नर्मी प्रयोग न करता और डरने वाले को तुरन्त उठा कर पत्थर मारता ?!

यह भी सुन चुके हो कि इल्हाम रुजू की शर्त लगा कर आथम की स्वाभाविक विशेषता की ओर संकेत कर दिया था। यदि उसके स्वभाव में भय स्वीकार करने की शक्ति न होती तो ख़ुदा इल्हाम में रुजू की शर्त व्यक्त न करता। और रुजू हृदय का एक कार्य है जिसमें बाह्य तौर पर इस्लामी शर्त नहीं। तो आथम ने अपने कार्यों एवं कथनों से प्रकट कर दिया कि वह अवश्य उस शर्त का पबन्द हो गया। इसलिए वह दयालु ख़ुदा जिसने फ़रमाया है कि जब नौका मैं बैठने वाले डूबने के समय मेरी ओर रुजू करें तो मैं उनको उस

समय बचा लेता हूं। यद्यपि जानता हूं कि बाद में फिर अपने दुर्भाग्य की ओर लौट आएंगे। उसी सहनशील ख़ुदा ने आथम को इल्हामी शर्त का उसके रुजू पर लाभ दे दिया। फिर आथम इस के बाद इस्लाम धर्म के खण्डन की पुस्तकें लिखने में व्यस्त नहीं हुआ और न नालिश की और न क़सम खाई, यहां तक कि इस संसार से गुज़र गया तथा भय का इक़रार किया। तो यद्यपि बेईमानों का तो कुछ इलाज नहीं परन्तु ईमानदार आथम की इस पृथकता और खामोशी से अवश्य रुजू का परिणाम निकालेंगे। यह सबूत का भार आथम की गर्दन पर था कि वह भय के इक़रार के बाद हमें और प्रत्येक न्याय कर्ता को यह अवसर न देता कि उसके कथनों तथा कार्यों से हम रुजू का परिणाम निकाल सकते। अपितु चाहिए था कि वह क़सम से या नालिश से अथवा अन्य किसी प्रकार से दावे को सिद्ध करने से अपनी उस कायरता को जो उस से पन्द्रह महीने तक निरन्तर प्रकट होती रही इस्लामी धाक से पृथक करके दिखाता। तो यह बड़ी नीचता है कि यह विचार किया जाता है कि आथम के दिल ने भविष्यवाणी की प्रतिष्ठा को एक कण भर स्वीकार नहीं किया था और वह अपनी पिछली धृष्टताओं पर मीआद के अन्दर निरन्तर क़ायम था। एडीटर दुर्रतुल इस्लाम लिखते है कि ईमान के लिए ज़ुबान से इक़रार करना शर्त है तो इसका यही उत्तर है कि हे मूर्ख इल्हाम में शब्द रुजू है जो वास्तव में हृदय का कार्य है और उसके लिए ज़ुबान का इक़रार शर्त नहीं। ज़ुबान का इक़रार आख़िरत की मुक्ति के लिए शर्त है परन्तु ऐसी मुक्ति के लिए जो केवल दुनिया के लिए हो केवल हृदय का भय पर्याप्त है। यह आवश्यक नहीं कि किसी लोगों के समूह को गवाह बनाया जाए अपितु يكتم ايمانه (अलमोमिन-29) भी तो क़ुर्आन में मौजूद है। फिर यही व्यक्ति लिखता है कि मार्च 1886 में विज्ञापन दिया था कि लड़का पैदा होगा। अर्थात इसके बाद लड़की पैदा हुई। परन्तु हे मुर्खो हृदय के अंधो! मैं तुम्हें कब तक समझाऊंगा। मुझे वह विज्ञापन 1886 दिखाओ।

मैंने कहां लिखा है कि इसी वर्ष में लड़का पैदा होना आवश्यक है फिर यही व्यक्ति लिखता है कि तुम्हे अपने झूठे इल्हाम पर तनिक शर्म न आई। किन्तु मैं कहता हूं कि हे कठोर हृदय! इल्हाम झूठा नहीं था। तुझ में स्वयं ख़ुदा का कलाम समझने का तत्व नहीं। इल्हाम में कोई ऐसा शब्द न था कि इस गर्भ में ही लड़का पैदा होगा। अब इसके अतिरिक्त मैं क्या कहूं कि झूठों पर ख़ुदा की लानत। निस्सन्देह मुझे इल्हाम हुआ था कि मौऊद लड़के से क़ौमें बरकत पाएंगी। परन्तु उन विज्ञापनों में कोई ऐसा ख़ुदा का इल्हाम नहीं जिसने किसी लड़के को विशिष्ट किया हो कि यही मौऊद है यदि है तो लानत है तुझ पर यदि तू वह इल्हाम प्रस्तुत न करे। हां दूसरे गर्भ में जैसा कि पहले से मुझे एक और लड़के की ख़ुशख़बरी मिली थी लड़का पैदा हुआ। अत: यह स्वयं एक स्थायी भविष्यवाणी थी जो पूरी हो गई जिसका हमारे विरोधियों को साफ़ इक़रार है। हां उस भविष्यवाणी में यदि मैनें ऐसा इल्हाम लिखा है जिस से सिद्ध होता हो कि इल्हाम ने उसी को मौऊद लड़का बताया था तो क्यों वह इल्हाम प्रस्तुत नहीं किया जाता। तो जब तुम इल्हाम को प्रस्तुत करने से असमर्थ हो तो क्या यह लानत तुम पर है या किसी अन्य पर और यह कहना कि उस लड़के को भी मसऊद कहा है तो हे नीच मसऊदों की औलाद मसऊद ही होती है परन्तु सिवाए कुछ के। कौन बाप है जो अपने लड़के को नेकचलन नहीं अपितु निष्ठुर व्यवहार वाला कहता है। क्या तुम्हारा यही तरीक़ा है? और मान लो मेरा यही अभिप्राय होता तो मेरा कहना और ख़ुदा का कहना एक नहीं है। मैं इन्सान हूं। संभव है कि विवेचन से एक बात कहूं और वह सही न हो परन्तु मैं पूछता हूं वह ख़ुदा का कौन सा इल्हाम है जो मैंने प्रकट किया था कि पहले गर्भ में ही लड़का पैदा होगा। वह वास्तव में वही मौऊद लड़का होगा और वह इल्हाम पूरा हुआ। यदि मेरा ऐसा इल्हाम तुम्हारे पास मौजूद है तो तुम पर लानत है यदि वह इल्हाम प्रकाशित न करो!

फिर तुम्हारा दूसरा ऐतराज़ यह है कि "अहमद बेग का दामाद अब तक जीवित है।" तो मैं कहता हूं कि हे नीच क़ौम! तू कब तक अंधी गूंगी और बहरी रहेगी? और कब तक तेरी आंखें उस प्रकाश को नहीं देखेंगी जो उतारा गया? सुन और समझ कि उस इल्हाम के दो भाग थे एक अहमद बेग के बारे में और एक उसके दमाद के बारे में। अतः तुम सुन चुके हो कि अहमद बेग मीआद के अन्दर मर गया। और वह दिन आता है कि तुम सुन लोगे कि उसके दामाद के बारे में भी भविष्यवाणी पूरी हो गई। ख़ुदा की बातें टल नहीं सकतीं और ये ऐतराज़ जो तुम करते हो नए नहीं लेखों को पढ़ो कि पहले बुरी समझ वाले लोगों ने भी नबियों पर ऐसे ही ऐतराज़ किए हैं। तुम्हारे दिल उनके समान हो गए। और तुम्हारा यह कहना कि मीआद के अन्दर वह क्यों नहीं मरा? यह तुम्हारी बेईमानी या अज्ञानता है। इल्हाम-

توبی توبی فانّ البلاء علیٰ عقبک

(तूबी तूबी फ़इन्नल बलाआ अला अक़िबिक) में तौब:की स्पष्ट शर्त थी और यह इल्हाम अहमद बेग और उस के दमाद दोनों के लिए था क्योंकि عقب लड़की और लड़की की संतान को कहते हैं। और यह अहमद बेग की पत्नी की मां को सम्बोधन था कि तेरी लड़की और लड़की की लड़की पर पति के मरने की विपदा है यदि तौब: करोगी तो मृत्यु में विलम्ब किया जाएगा तो अहमद बेग के जीवित रहने के समय किसी ने इस इल्हाम की परवाह न की और जब अहमद बेग मृत्यु पा गया तो उसकी विधवा स्त्री तथा अन्य पीछे बचे हुए बाल-बच्चों की कमर टूट गई। वे दुआ और गिड़गिड़ाने की ओर हार्दिक तौर पर मुड़ गए। जैसा कि सुना गया है कि अब तक अहमद बेग की मां का कलेजा अपने (सही) हाल पर नहीं आया। तो ख़ुदा देखता है कि वह धृष्टताओं में कब आगे कदम रखते हैं। इसलिए उसका वादा उस समय पूरा होगा जब यह सब कुछ पूरा होगा। तब न मैं अपितु

प्रत्येक बुद्धिमान तुम पर लानत भेजेगा **क्योंकि तुमने ख़ुदा का मुक़ाबला किया!**

और फिर एक अन्य साहिब अपना नाम शेख नजफी व्यक्त करके मेरे मुक़ाबले पर आए हैं और मुझे कज़्ज़ाब, दज्जाल और मूर्ख ठहराते हैं तथा कहते हैं कि चंद्र और सूर्य ग्रहण का निशान क़यामत को प्रकट होगा न कि अब। इस मूर्ख को यह भी ख़बर नहीं कि यदि चंद्र और सूर्य ग्रहण महदी के निशान के तौर पर प्रकट होगा जैसा के 'दार-ए-कुतनी' इत्यादि हदीस की पुस्तकों में दर्ज है तो क़यामत को इस निशान से लाभ कौन उठाएगा। अपितु उस समय तो महदी का आना ही बेफायदा होगा। जब ख़ुदा ने ही सूर्य की व्यवस्था को तोड़कर सृष्टि का अंत करना चाहा तो कौन महदी और कहां के उसके निशान? वह तो क़यामत का समय आ गया इसमें किस को आपत्ति हो सकती है कि महदी का युग नवीनीकरण का युग है और चंद्र एवं सूर्य ग्रहण उसके समर्थन के लिए एक निशान हैं तो वह निशान अब प्रकट हो गया जिसको स्वीकार करना हो स्वीकार करे और जैसा कि हदीस में लिखा था चंद्र ग्रहण उस पहली रात में हुआ जो चंद्रमा की तीन रातों में से पहली रात है और सूर्य ग्रहण उन दिनों के मध्य में हुआ जो सूर्य ग्रहण के लिए निर्धारित हैं और इस प्रकार यह भविष्यवाणी नितांत सफाई से पूर्ण हो गई। क्योंकि युग के उलमा सूर्य और चंद्रमा की तरह होते हैं तो इस भविष्यवाणी में यह संकेत था कि सूर्य एवं चंद्र ग्रहण उलमा के दिलों के अंधकार पर गवाह हैं **कि जो कुछ पृथ्वी में होता है आकाश उसको दिखला देता है।**

और फिर यही साहिब अपने अरबी पत्र में जो उलझी हुई बातों से भरा हुआ है मुझको लिखते हैं कि "यदि तू मेरे मुक़ाबले पर आए तो मैं अपना अरबी ज्ञान तुझे दिखलाऊँ।" हालांकि उनके इसी अरबी पत्र

से उनके ज्ञान का भली-भांति अनुमान हो गया और मालूम हो गया कि कुछ चुराए हुए वाक्यों और चोरी के शब्दों के अतिरिक्त उनकी गठरी में और कुछ नहीं। और ऐसा ही अब्दुल हक ने भी अपने उपरोक्त विज्ञापन में यही डींगें मारी हैं और मेरे बारे में लिखा कि "ये पुस्तकें जो वह प्रकाशित करता है अरबी जानने वाले लोगों से अरबी करवा कर छपवाता है और मुझे निस्संदेह मालूम है कि उसे अरबी की योग्यता कदापि नहीं यदि उसको अवश्य योग्यता दी गई है तो मुझसे सामान्य उलमा की मज्लिस में अरबी भाषा में बहस करे। दोनों की अरबी लिखी जाएगी, तत्पश्चात उलमा के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। यदि श्रेष्ठता ले गया तो माना जाएगा कि यह अरबी पुस्तकें उसने बनाई हैं और बहस लिखित के रूप में आमने सामने होगी। यदि बहस में तुझसे कुछ न बना तो झूठों पर ख़ुदा की लानत। इसके उत्तर में **अंजाम आथम के परिशिष्ट** में इसको लिखा गया कि हम इस मुक़ाबले के लिए तैयार हैं परंतु तुम्हें स्मरण रहे कि हम बार-बार लिख चुके हैं कि ये अरबी पुस्तकें इसलिए नहीं लिखी गईं कि लोग हमें अरबी जानने वाला समझें और मौलवी जानें अपितु इन पुस्तकों में बार-बार यह जताया गया है कि यह ख़ुदा का निशान है और चमत्कार के तौर पर मुझे दिया गया है ताकि यह भी मेरे दावे पर एक तर्क हो। मैंने कब और कहां लिखा है कि अरबी पुस्तकों से यह मतलब है कि यदि कोई पराजित हो तो मुझे अरबी जानने वाला मान ले तो। यह तो इक़रार करना चाहिए कि यदि तुम इतनी श्रेष्ठता के दावे और अरबी जानने के बावजूद मुझ जैसे इंसान से स्पष्ट तौर पर पराजित हो जाओ जिसके बारे में तुम्हें इसी विज्ञापन में इक़रार है कि इस मनुष्य को अरबी जानने की कुछ योग्यता नहीं तो यह निशान तो स्वीकार कर लोगे और हार्दिक विश्वास के साथ समझ लोगे कि यह ख़ुदा तआला की ओर से

एक चमत्कार है और उसी समय तौब: करके मेरी बैअत में दाख़िल हो जाओगे परन्तु दो माह के लगभग समय गुज़र गया अब तक अब्दुल हक़ की ओर से कोई उत्तर नहीं आया मानो कि वह मर गया।

